भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या. 1356

(जिसका उत्तर सोमवार, 11 दिसंबर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया गया)

चीन की कंपनियां

1356. श्री श्याम सिंह यादवः

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) एप्स के माध्यम से ऋण प्रदान करने के क्षेत्र में भारत में कार्यरत चीन की कंपनियों की संख्या का ब्यौरा क्या है और उनके नाम क्या हैं; और

(ख) क्या सरकार को उन शेल कंपनियों की रिपोर्टों की जानकारी है जो मूल रूप से चीन की है और वे भारत में काम कर रही हैं तथा जिनमें भारतीय निदेशक विभिन्न कंपनियों के कई बोर्डों में कार्यरत हैं और यदि हां, तो अब तक ऐसी कंपनियों की संख्या का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क): एक विदेशी कंपनी (भारत के बाहर निगमित) आरबीआई विनियमों और अन्य क्षेत्रीय आवश्यकताओं का अनुपालन करने के पश्चात, जहां भी लागू हो, भारत में व्यवसाय का स्थान स्थापित कर सकती है, और ऐसे कार्यालय की स्थापना के 30 दिनों के भीतर, कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 380 के तहत कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी) (दिल्ली और हरियाणा) से पंजीकरण की मांग कर सकती है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 53 चीनी विदेशी कंपनियां हैं जिन्होंने भारत में व्यवसाय का स्थान स्थापित किया है। तथापि, इन कंपनियों द्वारा ऐप्स के माध्यम से ऋण प्रदान करने से संबंधित व्यावसायिक गतिविधियों के विवरण के बारे में कोई विशेष डाटा नहीं रखा जाता है।

(ख): अधिनियम के तहत "शेल कंपनी" शब्द की कोई परिभाषा नहीं है। तथापि, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (1) के साथ पठित कंपनी (कंपनियों के रजिस्टर से कंपनियों के नाम हटाना) नियम, 2016 के अनुसार, कंपनी रजिस्ट्रार कंपनी का नाम हटा सकता है यदि कंपनी अपने निगमन के एक वर्ष के भीतर अपना व्यवसाय शुरू करने में विफल रहती है या यह तत्काल पूर्ववर्ती दो वित्तीय वर्षों की निरंतर अवधि के लिए कोई व्यवसाय या संचालन नहीं कर रही है (तत्काल पूर्ववर्ती दो पिछले वित्तीय वर्षों की अवधि के लिए अपने वित्तीय विवरण और वार्षिक विवरणी फाइल नहीं किया है) और यदि उसने निष्क्रिय कंपनी का दर्जा प्राप्त करने के लिए ऐसी अवधि के भीतर कोई आवेदन नहीं किया है। कंपनी रजिस्ट्रार नियमों में दी गई सम्यक प्रक्रिया का पालन करने के पश्चात नाम हटाता है। 1/4/2021 से 28/11/2023 की अवधि के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (1) के तहत कुल 1,55,217 कंपनियों का नाम हटा दिया गया है।

*****